दैनिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 04 जुलाई 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 277

महत्वपूर्ण एवं खास

कंगना रनौत को थप्पड़ जड़ने वाली कुलविंदर कौर बहाल, चंडीगढ़ से हुआ तबादला

चंडीगढ़ (आरएनएस)। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ कांस्टेबल कुलविंदर कौर को वापस बहाल कर दिया गया है। उनका चंडीगढ़ से बेंगलुरु तबादला कर दिया गया है। साथ ही, उन्हें तुरंत ड्यूटी ज्वाइन करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके बाद कुलविंदर को नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया था। बता दें, थप्पड़ कांड के बाद कई किसान संगठनों ने कुलविंदर का समर्थन किया था। इसके अलावा, उनके पूरे परिवार व गांव वाले भी कुलविंदर के समर्थन में आ गए थे और उनके नौकरी से सस्पेंड किए जाने का विरोध जताया था। पुलिस ने कुलविंदर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की थी। बॉलीवुड इंडस्ट्री में जहां कुछ लोगों ने कंगना का सपोर्ट करते हुए थप्पड़ मारने की घटना की निंदा की थी तो सिंगर विशाल ददलानी समेत कई कुलविंदर के सपोर्ट में आ गए थे। विशाल ने कहा था कि यदि सीआईएसएफ कर्मी के पद से हटाया जाता है तो वे उन्हें नौकरी देंगे।

चिटफंड घोटाले में ईडी का एक्शन, सहारा के दफ्तर पर छापेमारी; कर्मचारियों के मोबाइल जब्त

लखनऊ (आरएनएस)। लखनऊ में सहारा इंडिया के ठिकाने पर ईडी की छापेमारी हो रही है। ईडी की कोलकाता यूनिट की ओर से छापेमारी की जा रही है। इस छापेमारी में ईडी लखनऊ यूनिट के कई अफसर भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला कोलकाता की चिटफंड कंपनी में कथित तौर पर हुए घोटाले से जुड़ा है। लखनऊ के कपूरथला स्थित सहारा के हेड ऑफिस में छापेमारी की जा रही है। इस दौरान ऑफिस में मौजूद कर्मचारियों के मोबाईल फोन को ईडी के अधिकारियों ने जब्त कर लिए हैं। कहा जा रहा है कि ईडी की टीम ने ऑफिस को सील कर दिया है और किसी को भी ऑफिस में आने या ऑफिस से बाहर जाने नहीं दिया जा रहा है। ईडी के अधिकारी ऑफिस में दस्तावेजों को खंगालने में जुट गए हैं।

बड़ी कार्यवाई : चार करोड़ से ज्यादा के गबन मामले में वर्तमान, पूर्व सीएमएचओ समेत आठ निलंबित

देवास (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के देवास जिले में स्वास्थ्य विभाग में हुए 4 करोड़ से ज्यादा के गबन के मामले में वर्तमान और पूर्व स्वास्थ्य व चिकित्सा अधिकारी सहित आठ लोगों को निलंबित कर दिया गया है। यह बड़ी गड़बड़ी कोरोना काल में हुई थी। देवास में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोरोना काल और उसके बाद करोड़ों रुपये की खरीदी की गई थी। इस खरीदी में ही बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। यह खुलासा तब हुआ था जब कलेक्टर ऋषव गुप्ता के संज्ञान में यह मामला आया और केस दर्ज कराया गया। इस मामले की जांच के दायरे में 76 अधिकारी और कर्मचारी आए थे। जांच के बाद संचालनालय स्वास्थ्य सेवाओं ने वर्तमान और पूर्व सीएमएचओ सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। बताया गया है कि कोरोना काल और उसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने करोड़ों रुपये के सामान की खरीदी की थी जिसमें गड़बड़ी पाई गई थी। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने मिलीभगत कर 4 करोड़ 26 लाख रुपए का गबन किया था। इस राशि को अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था।

केरल के आठ सरकारी कर्मचारियों ने दफ्तर में बनाई रील, कारण बताओ नोटिस जारी

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल के पथानामथिट्टा जिले में तिरुवल्ला नगर पालिका सचिव ने आठ सरकारी कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इन कर्मचारियों ने दफ्तर में रील बनाई थी, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वायरल वीडियो (रील) में कर्मचारियों को दफ्तर में सिंगिंग और डांस करते हुए दिखाया गया है। कर्मचारियों ने पहले रील की स्क्रिप्ट तैयार की थी। इसके बाद दफ्तर में सिंगिंग और डांस किया। जल्द ही यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जब वीडियो नगर पालिका सचिव के संज्ञान में आया, तो उन्होंने तत्काल आठ कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा। जब मीडिया ने सचिव से इस कार्रवाई के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अपना कर्तव्य निभाया है।

हाथरस हादसा : बाबा के कमांडो की धक्का-मुक्की से मची थी भगदड़, जांच रिपोर्ट में खुलासा

हाथरस | आरएनएस

उत्तर प्रदेश के हाथरस के में सत्संग के दौरान मची भगदड़ में 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। अब इस हादसे की जांच रिपोर्ट एसडीएम ने अब जिलाधिकारी (डीएम) को सौंपी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सत्संग के समापन के बाद भीड़ भोले बाबा के पास पहुंचने की कोशिश कर रही थी, लेकिन उनके सेवादार और निजी सुरक्षाकर्मियों (ब्लैक कमांडो) ने खुद ही धक्का-मुक्की करनी शुरू कर दी। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर भगदड़ मच गई।

एसडीएम के मुताबिक, सत्संग में दो लाख से अधिक की भीड़ मौजूद थी। भोले बाबा लगभग दोपहर 12.30 बजे पंडाल में पहुंचे और उनका कार्यक्रम 1 घंटे तक चला। इसी बीच, 1.40 बजे भोले बाबा पंडाल से निकले, तभी श्रद्धालु उनके चरण की धूल छूने के लिए आगे बढ़े। लोग डिवाइडर से कूद-कूद कर बाबा के वाहन की ओर दौड़ने लगे। लेकिन बाबा के निजी गार्ड्स और सेवादारों ने खुद ही धक्का-मुक्की करनी शुरू कर दी। इसके बाद कुछ लोग नीचे गिर गए। फिर लोग एक-दूसरे को कुचलने लगे।

एसडीएम की रिपोर्ट के मुताबिक,कई श्रद्धालु कार्यक्रम स्थल के सामने खेत की ओर भागे, लेकिन खेत बलुई थी। इस वजह से कई श्रद्धालु फिसलकर गिर गए। फिर लोग एक-दूसरे के ऊपर पैर रखते हुए भागे। जो नीचे गिरा, वह उठ नहीं पाया। इसके बाद कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने घायलों को एम्बुलेंस से अस्पतालों में भर्ती करवाया। इनमें से कुछ को सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र सिराऊ में भर्ती करावाया गया, वहीं कुछ को एटा और अलीगढ़ के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया।

हाथरस हादसे पर पहली बार आया भोले बाबा का बयान, 121 लोगों की मौतों पर दी सफाई

उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई दर्दनाक हादसे पर पहली बार नारायण हरि बाबा का बयान सामने आया है। स्वयंभू बाबा ने इस हादसे पर दुख जताया है और मृतकों के प्रति संवेदना जताई है। बयान में उनकी तरफ से कहा गया कि मैं पहले ही वहां से (सत्संग स्थल से) चला गया था। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट के वकील एपी सिंह को हायर किया है। बता दें कि ए.पी.सिंह सीमा हैदर और सचिन के भी वकील हैं। नारायण सकार हरि के नाम से यह लेटर जारी किया गया है। लेटर में कहा गया कि इस हादसे में जान गवांने वाले के परिवारों के प्रति उनकी संवेदना है। साथ ही घायलों की जल्द ठीक होने की कामना भी की।

आगे लिखा कि मैं/हमने सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट ए.पी.सिंह को सत्संग के खत्म होने के बाद कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भगदड़ माहौल पैदा करने पर कानूनी कार्रवाई के लिए हायर किया है। मैं सिकंदराराऊ के गांव फुलारी से 2 जुलाई को बहुत पहले रवाना हो गया था।

121 लोगों की गई जान-हाथरस जिले के सिकंदराराऊ के गांव फुलारी में मंगलवार को हुए भगदड़ में अबतक 121 लोगों की मौत की खबर सामने आ चुकी है, जबकि अभी अन्य कई लोग घायल हैं जिसमें से कुछ की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। इसके साथ आपकों ये भी बता दे कि सत्संग स्थल पर 'रंगोली' बनाई गई थी, जिस पर से बाबा चलकर निकलना था। जब सूरजपाल उर्फ बाबा साकार हरि पंडाल से निकले तो भक्तों का बड़ा हुजूम उनकी चरणधूल लेने के लिए उमड़ पड़ा। उस रंगोली को बाबा का आशीर्वाद मानकर लोग दंडवत प्रणाम कर रहे थे। इसी दौरान वहां भगदड़ मची और फिर किसी को भी संभलने का मौका नहीं मिला और एक पर एक लोग गिरते चले गए और ये बड़ा हादसा हो गया।

रोडवेज़ बस और प्राइवेट बस में हुई आमने-सामने टक्कर में प्राइवेट बस पलटी, मची चीख-पुकार, दो की मौत, कई घायल

कछौना/हरदोई | आरएनएस

कोतवाली कछौना के अन्तर्गत लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर रैसों के निकट बीती रात रोडवेज(एसी बस) और प्राइवेट बस की भिड़ंत में दो लोगों की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। करीब 10 लोग घायल हुए हैं। तेज रफ्तार रोडवेज और प्राइवेट बस की भिड़ंत में प्राइवेट बस टक्कर के बाद पलट गई। प्राइवेट बस के पलटने से बस के परखच्चे उड़ गये, जिसमे बस मालिक/चालक छोटेलाल पुत्र सिरदार निवासी चांदबेहटा उम्र 60 वर्ष व लाखन पुत्र सन्तू निवासी ग्राम मढिया मजरा महरी थाना बघौली उम्र 40 वर्ष की जिला अस्पताल में मृत्यु हो गई। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।इसी के साथ यात्रियों की मची चीख पुकार मच गई। संडीला, कछौना सीएचसी से व प्राइवेट अस्पतालों से एम्बुलेंस बुलाई गई। जिससे घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेते हुए घायलों को सीएचसी में भर्ती भर्ती कराया गया।

17 साल बाद मां से मिला बेटा, 9 वर्ष की उम्र में अपहरण कर ले जाया गया था राजस्थान; दून पुलिस ने मिलाया

देहरादून | आरएनएस

17 सालों तक रोज बूढ़ी आखें दरवाजे से बाहर देखती रहती थीं और आखिरकार सालों का लंबा इंतजार खत्म हो गया। जब मां और बेटे की 19 साल के बाद मुलाकात हुई तो दोनों की आंखों से आंसू छलक पड़े। यह हैरान करने वाला मामला देहरादून जिले में सामने आया है। देहरादून से करीब 17 साल पहले अगवा किया गया राजू सोमवार को अपने घर पहुंचा। बच्चे का अपहरण करने वालों ने राजू नाम दिया था। अब इसी नाम से उसकी पहचान हो रही है।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि बीते 25 जून को एक युवक पुलिस कार्यालय स्थित एएचटीयू कार्यालय पहुंचा। उसने बताया कि करीब 16-17 वर्ष पहले जब उसकी आयु 9 वर्ष थी तो उसे घर के पास से उठाकर राजस्थान में अनजान जगह पर ले जाया गया था। वहां उससे भेड़-बकरी चराने का काम कराया जा रहा था। उसने बताया वहां से भेड़ लेने गए एक ट्रक ड्राइवर की मदद से वह निकलकर दून पहुंचा है। उसने बताया कि अपहरण के वक्त उसके पिता परचून की दुकान चलाते थे। घर में उसकी मां और चार बहन थी। उसे अपने घर के मोहल्ले की जानकारी नहीं थी।

सोमवार को ब्राह्मणवाला निवासी उसकी मां आशा शर्मा ने पुलिस से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2008 में उनका बेटा घर से गायब हो गया। उसकी काफी तलाश की गई थी। उसका नाम मोनू था। महिला को युवक से मिलाया तो उसने अपनी मां के रूप में पहचान की। मां-बेटा आपस में मिले तो काफी देर तक एक दूसरे के कलेजे से चिपके रहे। बेटा मिला तो मां ने भी पुलिस का आभार जताया। अपहरण करने वालों ने मोनू के एक हाथ राजू नाम गुदवा दिया था। अब राजू नाम से वह पहचाना जा रहा है।

चंपई सोरेन ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, 7 जुलाई को सीएम पद की शपथ लेंगे हेमंत सोरेन

रांची | आरएनएस

हेमंत सोरेन एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। वह 7 जुलाई को सीएम पद की शपथ लेंगे। उन्होंने चंपई सोरेन के इस्तीफा सौंपने के बाद नई सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। उन्होंने राज्यपाल को विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंपा है।

वहीं, इससे पहले राजधानी रांची में बुधवार को हुई आईएनडीआईए के विधायक दल की बैठक में हेमंत सोरेन को विधायकों की आम सहमति से विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन आज शाम में ही पडुच्चेरी यात्रा से रांची पहुंचे हैं। चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन सरकार बनाने के लिए दावा पेश करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह में ही कई मंत्री भी शपथ लेंगे। राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता ने दावा किया कि वह भी मंत्रीपद की शपथ लेंगे।

पांच महीने से जेल में थे हेमंत सोरेन

बता दें ईडी ने कई नोटिस जारी करने के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, जेल जाने से पहले हेमंत सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हेमंत के इस्तीफे के बाद चंपई सोरेन को आईएनडीआईए का नेता चुना गया और उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

हेमंत सोरेन को पांच महीनों के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। हेमंत के जेल से बाहर आने के बाद से उनके दोबारा मुख्यमंत्री बनने की अटकलें जोरों पर थी। झारखंड विधानसभा के लिए 2024 में ही चुनाव होने हैं। ऐसे में हेमंत सोरेन सत्ता अपने हाथों में चाहते थे, ताकि सभी चीजों को अपने तरीके से हैंडल कर सकें।

बिहार में 10 दिन के भीतर पांचवां पुल धराशायी, दो दर्जन से ज्यादा गांवों का आपस में संपर्क टूटा

सीवान | आरएनएस

बिहार के सीवान में गंडकी नदी (गंडक नहर) पर बना पुल का एक पिलर नदी में धंस गया, जिससे पुल का एक छोर नदी में ढह गया। यह पुल दारौंदा प्रखंड अंतर्गत देवरिया और भीखा बांध गांव की सीमा पर स्थित है। पुल के जर्जर होने को लेकर आसपास के गांव के लोगों ने बीते 22 जून को विरोध प्रदर्शन भी किया था, जिसके बाद अधिकारियों ने इसकी मरम्मत भी करायी थी। बावजूद इसके बुधवार सुबह करीब 5 बजे पुल का एक पिलर नदी में धंस गया। बता दें कि बिहार में 10 दिन के भीतर पांचवां पुल धराशायी हुआ है।

22 जून के विरोध प्रदर्शन के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने पथ निर्माण विभाग द्वारा सभी पुल का सर्वे कराया था। यह पुल गरौली से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते दिन हुई भारी बारिश के चलते पानी का स्तर बढ़ गया और बहाव तेज होने से पुल धंस गया।

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन ने नहर की सफाई कराई थी। इस दौरान बिना मानक का ध्यान रखे नहर के किनारे जेसीबी से मिट्टी की कटाई की गई थी। जिसके चलते पिलर के किनारे से भी मिट्टी हटाई गई। इस पुल के गिर जाने से लगभग एक दर्जन से ज्यादा गांवों के लोगों का महाराजगंज मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। लोगों का कहना है कि शिकायत के बावजूद भी प्रशासन ने इस पर बिलकुल भी ध्यान नहीं दिया।

इजरायल ने कहा, मई से अब तक रफा में 900 आतंकवादियों को मार गिराया

यरूशलम

इजरायल के सैन्य प्रमुख हजरी हलेवी ने कहा है कि मई की शुरुआत से अब तक इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा में लगभग 900 आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना ने मई में जमीनी हमले की शुरुआत की थी। इजरायल रक्षा बलों द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मंगलवार को दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सैन्य चौकी का निरीक्षण करते समय हलेवी ने कहा कि हताहतों में हमास के ,03 जुलाई कम से कम एक बटालियन कमांडर, कई कंपनी कमांडर और कई कार्यकर्ता शामिल हैं।,03 जुलाई

उन्होंने कहा कि रफा में कार्रवाई कुछ हफ़्तों में पूरी होने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, ,03 जुलाई अब फोकस हमास के बुनियादी ढांचे और सुरंगों को नष्ट करने पर है, और इसमें समय लगता है।,03 जुलाई

उन्होंने कहा, ,03 जुलाई यह अभियान लंबा है क्योंकि हम रफा को बुनियादी ढांचे के साथ छोडऩा नहीं चाहते हैं।,03 जुलाई

जमीनी हमले की शुरुआत से पहले, रफा उन कुछ सुरक्षित स्थानों में था, जहां नागरिक भारी इजरायली बमबारी से बचने के लिए शरण लेते थे।

केन्या में विरोध प्रदर्शनों में 39 लोगों की मौत

नैरोबी

पूर्वी अफ्रीकी देश केन्या में विवादास्पद कर वृद्धि विधेयक के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों में करीब 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। केन्या नेशनल कमीशन ऑन ह्यूमन राइट्स (केएनसीएचआर) ने सोमवार को मृतकों के बारे में जानकारी दी। इससे पहले केएनसीएचआर ने शनिवार को बताया था कि केन्या में चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान करीब 30 लोग मारे गये थे। मानवाधिकार समूह ने केन्याई सुरक्षा बलों पर प्रदर्शनकारियों की भीड़ पर सीधे गोलियां चलाने का भी आरोप लगाया है।

आयोग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, ,03 जुलाई हमारे रिकॉर्ड से पता चलता है कि देश भर में विरोध प्रदर्शनों में 39 लोग मारे गए हैं और 361 अन्य घायल हुए हैं। इसके अलावा, विरोध प्रदर्शनों के दौरान देश में 32 लोगों के लापता होने का मामला सामने आया है और 627 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि जून के मध्य से केन्या में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ है। जब सरकार ने ब्रेड, चीनी परिवहन, मोबाइल और वित्तीय सेवाओं तथा विदेशी मुद्रा लेनदेन पर 16 प्रतिशत वैट लगाने के साथ-साथ कारों और वनस्पति तेल पर 2.5 प्रतिशत उत्पाद शुल्क लगाने वाला विधेयक पेश किया था। विरोध प्रदर्शनों के भड़कने पर हालांकि राष्ट्रपति विलियम रुटो ने विधेयक पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया और इसे पुनर्विचार के लिए संसद में वापस भेज दिया।

केन्या में सरकार द्वारा नए टैक्स लगाने से जनता काफी गुस्से में है और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भीड़ संसद में प्रवेश कर गई और वहां आगजनी की। इसके बाद सांसदों को संसद भवन से सुरक्षित निकाला गया। प्रदर्शनकारी नए टैक्स का विरोध कर रहे हैं जिससे डायपर जैसी वस्तुओं की कीमत बढ़ जाएगी।